## खबर संक्षेप

### सतचंडी महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा आज से

**कटनी।** पुष्पावती नगरी बिलहरी विराजित 1008 श्री सिद्ध सिद्धपीठ चण्डी मॉ के दरबार में श्री संतचण्डी महायज्ञ एवं शिव महापुराण का 11 दिवसीय आयोजन कथा स्थल-बड़खेरा रोड़ नदीपार पुष्पावती नगर बिलहरी में किया गया है जो कि 13 मई सोमवार से 23 मई दिन गुरूवार तक आयोजित किया गया हैं । प्रतिदिन पाठ का समय सुबह 8 बजे से 11 बजे एवं कथा व्यास पंडित पंकज सनवरिया वृन्दावन के मुखारबिन्द से सांयकाल 4 बजे से 7 तक शिवपुराण का वाचन विभिन्न प्रसंगों से किया जावेगा। जिसमें प्रमुख रूप से प्रथम दिवस सांयकाल 4 बजे खेरमाता मंदिर से ध्वजारोहण एवं भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल चण्डीमाता मंदिर में सम्पन्न होगी एवं यज्ञाचार्य पंडित चन्द्रभूषण शास्त्री के द्वारा हवन कार्यक्रम किया जावेगा। शिवपुरण के अंतिम दिवस 23 मई को प्रातः 10.00 बजे हवन,भंडारा, कन्या भोज, ब्राम्हण भोज भोजन, प्रसाद वितरण किया जावेगा

### लोको पायलट सुसाइट मामले में सूदखोर पकड़ से दूर

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के रोशन नगर निवासी लोको पायलट ने विगत 29, 30 अप्रैल की दरमियानी रात अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या करने से पहले लोको पायलट ने अपनी मौत के लिए 7 सूदखोरों को जिम्मेदार ठहराते हुए एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। सुसाइड नोट में उसने एक सूदखोर के द्वारा उसकी बाइक छीनने का भी उल्लेख किया था। इस मामले को 14 दिन बीत चुके हैं लेकिन एनकेजे पुलिस आज तक आरोपियों को पकड़ना तो दूर मृतक लोको पायलट की छीनी गई बाइक भी बरामद नहीं कर सकी है। लोको पायलट की मौत के मामले में एनकेजे पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। आरोपियों का अब तक पकड़ा ना जाना और बाइक बरामद न हो पाना पुलिसिया कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### दुष्कर्म के आरोपित को किया गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है जो दुष्कर्म के मामले में 12 साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपित को ससुराल से गिरफ्तार किया इसके बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुनील कुमार बेन निवासी ईसाई मोहल्ला, जिला जबलपुर के खिलाफ अपराध क्रमांक 355/10 धारा 363, 366, 376 (क) भादवि. प्रकरण क्रमांक 14/11 में दर्ज था। इसके खिलाफ 12 साल से कोर्ट द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट तक जारी था। पुलिस द्वारा लगातार दबिश देने के बाद भी आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा था। इस बीच आरोपी कटनी स्थित अपनी ससुराल आया। उसके ससुराल में आने की सूचना मुखबीर ने पुलिस को दे दी। जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश दी और घेराबंदी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। यह पूरी कार्रवाई एसपी अभिजीत रंजन के निर्देश पर की गई।

### दो युवकों ने फांसी के फंदे में झूल की खुदकुशी

**कटनी।** अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगवां में सचिव यादव 28 वर्ष ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्यवाही उपरांत मामले को जांच में लिया है। इसी तरह बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम घुटेही निवासी सुकमान सिंह 28 वर्ष ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही उपरांत लाश को परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया। युवक द्वारा खुदकुशी किये जाने की मामले की जांच की जा रही है।

उमरियापान के समीपी देवरी पाठक गांव का मामला, विमं अधिकारी बेपरवाह

# बिना बिजली अंधेरे में कट रही ग्रामीणों की रातें, किसानों को फसल सूखने की सता रही है चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

देवरी पाठक में घरेलू और कृषि कार्य हेतू लगाया गया बिजली ट्रांसफार्मर खराब है। बीते 15 दिनों से ग्रामीणों के अलावा किसानों को भी परेशान होना पड़ता है। बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है। लोग लंबे समय से बिजली अनापूर्ति का दंश झेलते आ रहे हैं। आए दिन तकनीकी खराबी के कारण गांव में बिजली गुल हो जाती है।विभागीय लापरवाही का आलम यह है कि शिकायत के बाद भी 15 दिनों पहले फुंका ट्रांसफार्मर अभी तक दुरूस्त नहीं कराया गया। इसके मरम्मत की बात तो दूर, इतने दिन बाद भी ट्रांसफार्मर को मौके से उठाकर ले जाने तक की फुर्सत विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों के पास नहीं है।

गांव के रवि दीक्षित,रामकिशोर हल्दकार, गणेश हल्दकार, ऋषि हल्दकार,आशीष हल्दकार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि देवरी पाठक के वार्ड नं चार में घरेलू बिजली के लगा ट्रांसफार्मर बीते 15 दिनों से खराब पड़ा है। गांव में बिजली आपूर्ति बंद होने से



एक पखवाड़े से अंधेरा पसरा हुआ है।रात के समय पर ग्रामीणों में जीव जंतुओं का भय बना हुआ है। बिजली से चलने वाले उपकरण भी बंद हैं।

गर्मी व उमस के बीच पंखा, कूलर, इनवर्टर आदि शो पीस बने हुए हैं। लोग रात के समय अंधेरे में मच्छरों के प्रकोप से जूझने के लिए विवश हैं। बिजली न रहने से शुद्ध पानी तक के लिए लोग भटक रहे हैं। नलों में पानी घरों तक नहीं पहुँच रहा है। पानी के लिए ग्रामीण हैंडपंपों के सहारे है। बिजली बंद होने से सुबह से दोपहर तक इन दिनों हैंडपंपों में भीड़ जमा रहती है। बारी का इंतजार करते ग्रामीणों के कामकाज प्रभावित होते है।

वहीं किसान जयकुमार पटेल, मोहन पटेल,महेन्द्र पटेल, शिवकुमार पटेल सहित अन्य किसानों ने बताया कि देवरी पाठक के वार्ड नं सात में किसानों के उपयोग के लिए लगाया गया बिजली ट्रांसफार्मर भी बीते 15 दिनों से खराब पड़ा है। किसान भाई खेतों में बोई गई फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। फसलों की सिंचाई प्रभावित होने से किसान परेशान हैं। किसानों ने बताया कि मूंग-उड़द की फसलों के अलावा सब्जियां सूख रही हैं। जिससे उन्हें नुकसान होने की चिंता सता रही हैं। किसानों ने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से किया है, लेकिन सुधार नहीं हो पा रहा है। जिसके ग्रामीणों और किसानों ने हेल्पलाइन नंबर 1912 और 181 में शिकायत दर्ज कराई है। गर्मी के मौसम में बिजली गुल होने से ग्रामीणों के अलावा किसानों का जीवन भी कष्टकारी हो गया है। बिजली आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था पर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश गहरा रहा है।

### हवा से टूट गया विद्युत पोल

बीते दिनों तेज हवा तूफान के चलते बम्हनी में पेड़ की डगाल गिरने से बिजली का खंभा टूट गया है। जिससे बिजली के तार आपस में टकरा गए। तारों के आपस में टकराने से आग जलने लगी। ग्रामीणों ने आग जलता देख बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। किसी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिए बिजली गुल कराई।खंभा टूटने के बाद सुधार न होने से बम्हनी में बिजली समस्या है। पानी की टंकी के पास लगा ट्रांसफार्मर खराब है। जिससे गांव में पानी की सप्लाई तीन दिन से बन्द पड़ी है। ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुँच रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए यहाँ वहाँ भटकना पड़ता है।हालांकि ग्रामीणों की शिकायत के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सहायक अभियंता, ढीमरखेड़ा चंचल गुप्ता का कहना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी मिली है। दो-तीन दिनों में एक- एक करके ट्रांसफार्मरों को बदला जाएगा।

# प्रेमी ने प्रेमिका की मां के सीने में दाग दी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र का मामला, महिला की हालत नाजुक**

स्लीनाबाद थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के एक मामले में नाबालिग प्रेमी ने प्रेमिका की मां को गोली मार दी। बताया जाता है कि बिना शादी के प्रेमी के साथ रह रही एक नाबालिग किशोरी को घर वापस ले जाने उसकी मां पहुंची तो प्रेमी ने कट्टे से फायर कर दिया। घटना रविवार सुबह लगभग 11 बजे की है। घायल महिला को पहले तो इलाज के लिए परिजन स्लीमनाबाद शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बाद में सिहोरा ले जाया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक युवक का प्रेम प्रसंग किशोरी के साथ चल रहा है। कुछ समय से किशोरी अपने प्रेमी के घर पर ही रह रही थी। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले नाबालिक प्रेमी युवक का एक्सीडेंट हो गया था। सुबह जब प्रेमिका की मां अपनी बेटी को घर वापस ले जाने के लिए उसके घर पहुंची तो उसने प्रेमिका को वापस भेजने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और नाबालिक युवक ने अपनी प्रेमिका की मां के ऊपर कट्टे से फायर कर दिया। गोली महिला के सीने के करीब लगी है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ करती है।

### कट्टा बना चर्चा का विषय

सूत्र बताते हैं कि जिस नाबालिक युवक ने अपनी प्रेमिका की मां पर कट्टे से फायर किया वह क्षेत्र में अपनी दबंगई के लिए खासा चर्चित रहता है। बताया जाता है कि उसकी गुंडागर्दी के कारण ही प्रेमिका को उसने अपने घर में रख था। रविवार को जब महिला अपनी बेटी को घर वापस ले जाने आई तो उसने महिला के ऊपर कट्टे से फायर कर दिया। नाबालिक के पास कट्टा कहां से आया यह बात भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

*कभी कभार ही होती है रस्म अदाएगी की कार्यवाही*

# ग्रामीण अंचलों में देशी और कच्ची शराब का हो रहा अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और बेजा मुनाफा के चलते इस कारोबार से जुड़े माफियाओं को कानून का भय भी नहीं है। शराब के अवैध कारोबार में सख्त कानून और ज्यादा सजा का प्रावधान न होने से इसका कारोबार सुदूरवर्ती ग्रामों में भी किया जा रहा है। जिन ग्रामों में प्रशासनिक सहूलियतें भी मुश्किल से पहुंच पाती है वहां भी अवैध शराब सहज रूप से मिल जाती है।

ग्रामीणा अंचलों में नशा कारोबारियों ने मोहल्ले-मोहल्ले अपनी दुकाने खोल रखी हैं। नशे के इस कारोबार को लठैतों के दम पर संचालित किया जा रहा है। किसी गांव-मोहल्ले में यदि लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो इन्हीं लठैतों द्वारा अभद्र व्यवहार के साथ मारपीट तक करने में उतारू रहते हैं। पुलिस और आबकारी विभाग के सुस्त रवैया से इनके हौसले भी बुलंद हैं।

### बर्बाद हो रहे परिवार

ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से नशे का सामान मिलने के कारण युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। देशी व विदेशी शराब गली-कूचो में बिक रही है। युवाओं और बड़ों को नशा करते देख स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र भी इसका शिकार होते जा रहे हैं। किशोरवय उम्र में नशे का सेवन शुरू कर देने से शारीरिक विकृतियों के साथ मानसिक दोष भी बढ़ रहे हैं। सबसे बुरा हाल मध्यम व मजदूर वर्ग के लोगों का है। इनकी आधी कमाई नशा माफियाओ की जेब में जा रही है और इनका परिवार तंगहाली और भुखमरी के लिए मजबूर है।

### मिलीभगत से धंधा है आबाद

शराब माफियाओं की नकेल न कसने और शिकायतों पर कार्यवाही न होने से इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नशे का यह गोरखधंधा मिलीभगत से ही किया जा रहा है। थाना क्षेत्र में ऐसा कोई गलत कार्य संचालित हो और पुलिस को भनक न हो ऐसा नहीं हो सकता लेकिन मिली भगत से सब कुछ चल रहा है। जिम्मेदारों को नजराने के दम पर इन माफियाओ द्वारा दमखम के साथ अपने इस काले कारोबार को संचालित किया जा रहा है। पैकारियों की पुख्ता जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही न होने से घालमेल की बात में मुहर लग रही है।

घरों, दुकानों से भी शरबा की बिक्री की जा रही है। अधिक मुनाफा के लिए नशे के कारोबार में महिलाए भी आ चुकी हैं। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस द्वारा कभी कोई कार्यवाही ही नहीं की जाती, औपचारिकताएं निभाने के लिए छुटभैयों को पकड़ लिया जाता है लेकिन माफिया के गिरेबां तक हाथ जाए ऐसी कार्यवाही कम ही होती है। जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा आम लोगों को भी भोगना पड़ता है।

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने रविवार की शाम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था चाक – चौबंद रखने के निर्देश दिए। कृषि उपज मंडी पहरूआ में बनाये गए स्ट्रांग में कलेक्टर श्री प्रसाद ने सीसीटीवी व रिकार्डिंग और एल ई डी टीवी स्क्रीन सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर स्ट्रांग रूम के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निर्देशों का शत– प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने यहां विजीटर्स पंजी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार शशिभूषण सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने की गश्त, बदमाशों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) के पर्यवेक्षण में जिला कटनी में समस्त थानों में गत रात्रि कांबिंग गश्त की गई। कांबिंग गश्त में 166 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियो ने हिस्सा लिया।

इस दौरान गिरफ्तारी वारंटी 34 गिरफ्तार किए गए। स्थाई वारंटी-29 गिरफ्तार, गुंडा चेकिंग – 54 चेक किए गए, जिला बदर चेकिंग – 13 चेक किए गए, निगरानी बदमाश- 55 चेक किए गए, जेल रिहाई – 09 चेक किए गए

आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 50 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई।

जुआ अधिनियम के अंतर्गत 07 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई। 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। 34 पुलिस एक्ट के अंतर्गत 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के क्रम में धारा 151 सीआरपीसी के अंतर्गत 12 प्रकरण, धारा 110 सीआरपीसी के अंतर्गत 06 प्रकरण, धारा 107/116 सीआरपीसी के अंतर्गत 93 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

कांबिंग गश्त जिले के समस्त थाना अंतर्गत पृथक पृथक चेकिंग पॉइंट पर सघनता से वाहन चेकिंग, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेक किया गया, एवं दुर्घटना से बचाव हेतु एडवाइजरी का पालन करने व सावधानीपूर्वक वाहन ड्राइविंग करने की हिदायत दी गई। सभी ढाबा, होटल, एटीएम स्थल, बस स्टैंड भ्रमण करते हुए चेकिंग कर अनावश्यक घूमते एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की गई।

*किसी अप्रिय घटना के बाद ही होती है जांच की खानापूर्ति*

# मुख्य मार्ग व रिहायशी क्षेत्रों में हो रहा कबाड़ दुकान व गोदाम का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रिहायशी क्षेत्रो में किसी भी प्रकार की गोदामों का संचालन गैरकानूनी है खासकर रद्दी और कबाड़ के कारोबार की दुकानें तो वैसे भी खतरनाक होती है। एक चिंगारी या बिजली के तारो में शार्ट सर्किट से इनमें कभी भी आग भड़क सकती है जिससे होने वाली तबाही भारी पड़ सकती है। कबाड़ या गोदाम सिर्फ आगजनी जैसी घटनाओं के लिहाज से ही खतरनाक नही है बल्कि स्वास्थ्य के नजरिये से भी ठीक नही है। वजह साफ है इन जगहों से हमेशा ही संक्रामक रोगो का अंदेशा बना रहता है।

गौरतलब है कि पास पड़ोस में ही कबाड़ या रद्दी की गोदाम अथवा ठेला टपरा होने पर इसे कोई गंभीरता से नही लेता लेकिन यहां किसी भी वक्त आगजनी का खतरा मंडराता रहता है। एक तो गोदाम या कबाड़ के आसपास धुम्रपान की कोई पाबंदी नही होती दूसरा कंडम सामान होने की वजह से कारोबारी के अलावा दीगर किसी अन्य का उस ओर सुरक्षा को लेकर किसी को फिक्र होती। शहर के बीच से होकर गुजरे हाईवे पर चाका से झिंझरी के बीच सड़क के दोनो किनारे दर्जनों जगहो पर कबाड़ की दुकाने या गोदामें नजर आ जायेगी। खासकर बरगवां क्षेत्र इसकी पहचान का पर्याय बन गया है। मिशन चौक क्षेत्र, आजाद चौक क्षेत्र, तिलक कालेज रोड, आजाद चौक, बस स्टैंड क्षेत्रो के अलावा उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर, खिरहनी, लखेरा, कुठला के रिहायशी इलाकों में अनेक स्थानों पर बेधड़क, बेहिचक, बेरोकटोक खतरे के गोदाम संचालित है। इसके लिये न तो निगम प्रशासन से अनुमति ली गई न ही कोई पूछपरख। इन गोदामो से केवल कारोबारी को फायदा होता है जबकि पड़ोसियों को अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विवाद के भय से कोई कुछ कह नही पाता।

### अनदेखी कर रहे जिम्मेदार

रहवासी क्षेत्रों में संचालित गोदामो से आग का खतरा बढ़ जाता है। पहले भी अनेक ऐसी घटनायें हो चुकी है। समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन का इस मामले में अनेक बार ध्यानाकर्षित किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नही की जा र ही। शहर की तंग गलियों में बाजारों में कबाड़ की गोदामें हादसो का न्यौता दे रही है। झर्रा टिकुरिया क्षेत्र में तो कदम कदम पर इस तरह की गोदामें संचालित है। इस बेपरवाही के चलते आपात की स्थिति में निर्दोष लोगो को खामियाजा भुगतना पड़ता है।

हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए अहतियात बरतने की आवश्यकता

# मौसम साफ होते ही फिर गर्मी ने दिखाया अपना असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बीते दिनों आसमान में बादल और बारिश होने के बाद मौसम कूल हो जाने के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी लेकिन आसमान साफ हो जाने के बाद एक बाद फिर भीषण गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। दोपहर के समय तो घर के अंदर भी चैन नहीं मिल पा रहा है तो बाहर निकलने की कल्पना मात्र से हालत पतली हो जाती है। अधिक गर्मी होने की वजह से हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ गया है। इस मौसम में बीमार होने से बचने के लिए खास अहतियात बरतने की आवश्यकता है।

चिकित्सकों के अनुसार बढ़ती गर्मी और लू की चपेट में आने से बचने के लिये यदि प्यास नहीं भी लगी हो, तो भी पर्याप्त मात्रा में पानी



पीते रहें। नींबू पानी, छाछ, लस्सी, जूस और ओआरएस का घोल शरीर को पानी की कमी से बचाये रखता है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा आदि अधिक पानी की मात्रा वाले फल और सब्जियाँ खाएँ। घर से निकलते वक्त पानी की बॉटल साथ रखें।

### सीधी धूप से बचें

डाक्टरों ने हीट स्ट्रोग से बचाव के लिए लोगों को सलाह दी है कि घर से बाहर निकलते वक्त अपने सिर को टोपी, दुपट्टे, छाता, गमछा या किसी अन्य कपड़े से ढँक कर ही निकलें, सीधी धूप में आने से बचें। अगर बाहर निकलना आवश्यक न हो, तो घर में ही रहें और अपने आवश्यक काम हो सके तो सुबह और शाम करें। टीवी, रेडियो, समाचार-पत्र आदि के माध्यम से तापमान पर नजर रखें। घर के ऐसे दरवाजे और खिड़कियाँ, जो सीधे धूप के प्रभाव में रहते हैं, उन्हें बंद रखें या पर्दे डालकर रखें। इन्हें रात में शुद्ध हवा के लिये खोलें।

### बचाव के लिए करें ये उपाय

अगर आप धूप से आएँ हैं और चक्कर, बेहोशी, जी मचलाना, उल्टी, सिरदर्द, तीव्र, प्यास और साँस-धड़कन तेज हो गई है, तो फौरन ठंडे स्थान पर पहुँचे और ठंडे पेय पदार्थ लेना शुरू कर दें। खाना बनाते समय दरवाजा और खिड़की खोलकर रखें। चाय, काफी, साफ्ट ड्रिंक और जिनमें अधिक मात्रा में शक्कर होती है ऐसे पेय पदार्थों का सेवन न करें। यह पदार्थ शरीर के जल को कम करते हैं और पेट में मरोड़ उत्पन्न करते हैं। बासी भोजन करने से बचें। अधिकतम पानी का सेवन सर्वोत्तम है। अगर एक घंटे से अधिक समस्या रहती है, तो चिकित्सकीय सलाह लें।

### ये रखें अधिक सावधानी

बच्चे, गर्भवती महिलाएँ, मानसिक रोगी, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग आदि गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति अतिरिक्त सावधानी बरतें। सामान्यतः शरीर का तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस से 37.2 डिग्री सेल्सियस होता है। लू लगने पर तापमान में बढ़ोत्तरी, घमोरियाँ, हाथ-पाँव और टखनों में सूजन, बेहोशी, माँसपेशियों में ऐठन आदि हो सकती हैं। हीट स्ट्रोक हृदय, श्वसन और किडनी के मरीजों को परेशानी में डाल सकता है।

# शहर के तिराहे चौराहों से सिग्नल ही गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**हर किसी को रहती है निकलने की जल्दी**

मिशन चौक व माधवनगर गेट चौराहे में यातायात का काफी दवाब रहता है। मिशन चौक में जहां सिग्नल है ही नहीं वहीं माधवनगर चौराहे में ट्रैफिक सिग्नल साल भर से बंद है। इस बीच यातायात सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया, लेकिन माधवनगर गेट के पास लगे यातायात सिग्नल नहीं सुधरवाए जा सके। आवागमन के लिहाज से बेहद व्यस्त इस चौराहे में लगे सिग्नल के प्रति यातायात पुलिस और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उदासीनता से किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से वाहन बिना किसी नियंत्रण के निकल रहे हैं। चारो ओर से एक साथ वाहन आ रहे हैं। जिससे हादसा होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। नो एंट्री खुलने के समय हालात और खराब हो जाते है। इस दौरान भारी वाहन इस चौराहे से गुजरते हैं, ऐसे में जरा सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का रूप ले लेगी।

माधवनगर गेट के पास चौराहे में वाहनों के आवागमन का दबाव हर समय बना रहता है। इस चौराहे से कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले, माधवनगर से कलेक्ट्रेट और शहर की ओर जाने वाले और हाउसिंग बोर्ड की ओर जाने वाले लोग निकलते हैं। ट्रैफिक सिग्नल लगे होने से वाहनों पर नियंत्रण होता था।

## खबर संक्षेप

### बारिश पूर्व शुरू किया गया नालों की सफाई कार्य

**कटनी।** बरसात के पूर्व हर वर्ष की तरह नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नाले नालियों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद एवं नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के नेतृत्व में शहर में मौजूद नाले नालियों की सफाई तीव्रता से प्रारंभ हो चुकी है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे साफ सफाई अभियान को लेकर जानकारी देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि बरसात के समय जल भराव की स्थिति को रोकने एवं जल प्रवाह को बनाए रखना और गंदे पानी में जन्म लेने वाले कीटाणुओं की रोकथाम के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नाले नालियों की सफाई प्रारंभ कर दी गई है। नाले नालियों की सफाई करते हुए उनमें कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने नगर के जागरूक लोगों से कहा कि नालियों में अनावश्यक रूप से कचरा ना फेंके। नालियों में पन्नी और दूसरे तरह का कचरा फेक जाने से नालियां जाम हो जाती हैं जिससे बरसात के समय नालियों का जल प्रवाह अवरोध होता है और पानी सड़क पर भर जाता है। उन्होंने लोगों से नगर निगम के कार्यों में सहयोग करते हुए व्यर्थ कचरा नालियों में ना बहने की अपील की है।

### परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा



**बरही।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बरही नगर में भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान परशुराम जयंती समारोह सेवा समिति के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, साथ ही साथ नगर के रामलला मन्दिर से बैंड बाजे के साथ रथ में भगवान परशुराम की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जय जय परशुराम उदघोष के साथ महिला मंडल युवा मंडल बुजुर्गों के बच्चों के साथ नगर भ्रमण किया। सर्वप्रथम समिति के पदाधिकारियो समेत तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव से पहुंचे बिप्र जनो द्वारा भगवान परसुराम कि पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया है।

### सिलौंडी में परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई

**सिलौंडी।** सिलौंडी में परशुराम जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई । ग्राम के श्री बालाजी मंदिर में समस्त ब्राह्मण समाज ने परशुराम भगवान का पूजन अर्चन किया । एवं महा आरती की एवं महा आरती की। महा आरती का प्रसाद का किया गया इस अवसर पर जिसमें मंदिर के पुजारी राम मिलन मिश्रा, आचार्य संयोग शास्त्री, माधव प्रसाद अवस्थी , बालमुकुंद चौबे ,विजय तिवारी सौरभ मिश्रा, भोला महाराज ,रवि अवस्थी ,मुकेश गौतम , अंकित मिश्रा, सागर मिश्रा अमित मिश्रा ,सुधीर दुबे , सुशील गौतम , मदन दुबे ,अभिषेक गौतम समस्त ब्राह्मण समाज की उपस्थित उपस्थिति रही।

---

### कलेक्टर की नियमित समीक्षा से कटनी जिले में मातृ मृत्यु दर में आई भारी कमी

# जोखिम वाली गर्भवतियों को घर जाकर किया गया चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में बेहतर हुई स्वास्थ्य सुविधाओं की वजह से मातृ मृत्यु दर में कमी आई है और जीवन प्रत्याशा बढ़ी है। जिले के मातृ मृत्यु दर में कमी लाने सुनियोजित कार्ययोजना के तहत कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा प्रसव पूर्व रेफ़रल प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जाती रही है और मातृ सुरक्षा के लिए नवाचार के तहत गर्भवती महिलाओ के घर-घर जाकर चिन्हित कर उन्हें परामर्श और उपचार दिया गया। इससे वर्ष 2023के प्रथम 4माहों के दौरान जो मातृमृत्यु दर 250 प्रति लाख थी,वह अब घटकर चालू साल के पहले 4 माहों में 116 प्रति लाख हो गई ।जो राज्य के औसत मातृमृत्यु दर 173 प्रति लाख के आंकड़े से कम है।

### संस्थागत प्रसव में वृद्धि

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा किए गए नवाचारों के परिणामस्वरूप जिले में संस्थागत प्रसव में वृद्धि हुई है और घर में करायें जाने वाले प्रसव में काफी कमी आई है।पिछले 3 वर्षों के आकड़ों की तुलना की जाए तो घर में होने वाला प्रसव जो वर्ष 2021-22 में 743 था वह अब वर्ष 2023-24 में घटकर मात्र 111 ही रह गया है। वर्ष 2021-22 में जिले में कुल प्रसव की संख्या 20 हजार 639 थी जिसमें संस्थागत प्रसव की संख्या 18 हजार 740 निजी अस्पतालों में प्रसव की संख्या 1 हजार 156 तथा घर पर प्रसव की संख्या 743 थी। इसी तरह वर्ष 2022-23 में जिले में कुल प्रसव की संख्या 24 हजार 39 थी ,जिसमें संस्थागत प्रसव की संख्या 21 हजार 386 और निजी अस्पतालों में प्रसव की संख्या 2 हजार 267 तथा घर पर प्रसव की संख्या 386 थी। वहीं वर्ष 2023- 24 में कुल प्रसव की संख्या 22 हजार 845 में संस्थागत प्रसव की संख्या 21 हजार 736 निजी अस्पतालों में प्रसव की संख्या 998 तथा घर पर प्रसव की संख्या 111 ही रही है।

### 4 माह में 56 शिविर आयोजित

जिले में प्रति माह की 9 व 15 तारीख को शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओ की शासकीय और निजी चिकित्सकों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर जांच की जाती है। इसके लिए 4 माह की अवधि में ही कुल 56 शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 2 हजार 454 महिलाओं का परीक्षण करते हुए 550 जोखिम वाले रोगियों का उचित उपचार हेतु चिन्हांकन किया गया। जिसमे से 118 रोगी उच्चतम जाँच हेतु रिफर किए गए। साथ ही 387 हाई रिस्क चिन्हित की गई गर्भवती महिलाओ को संभावित प्रसव तिथि से एक सप्ताह पूर्व जिला चिकित्सालय में भर्ती कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में रखा जाएगा।

जिले में इसी साल के जनवरी माह से मातृत्व सुरक्षा अभियान शुरू किया गया । जिससे कई स्वास्थ्य मानकों के आंकड़ों में बीते साल की तुलना में 5सौ फीसदी से ज्यादा तक का सुधार दर्ज किया गया है।वर्ष 2023के प्रथम 4 माह में स्त्री रोग विशेषज्ञों का परामर्श जहां केवल मात्र 258 गर्भवतियों को मिला था ,वहीं वर्ष 2024 के पहले 4 माहों में ही रिकॉर्ड 1623 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया।इस प्रकार परामर्श प्राप्त करने वाली महिलाओं के आंकड़े में इस साल 529 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इसी प्रकार वर्ष 2023 में जहां पुराने ऑपरेशन प्रसव जोखिम का परीक्षण केवल 52 महिलाओं का हुआ था, वहीं वर्ष 2024 में यह बढकर 173 हो गया है। इस प्रकार प्रसव जोखिम परीक्षण के मामले मे 232 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वर्ष 2023 के प्रथम चार माहों में जहां परीक्षित गर्भवती महिलाओं की संख्या महज 1111 थी, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 2241 हो गई और इसमें 102 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं वर्ष 2023 की आलोच्य अवधि में प्रथम बार आई महिलाओं की संख्या जहां 808 थी, वहीं 2024 में यह संख्या 1290 हो गई।इस प्रकार इसमें 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसी प्रकार हिमोग्लोबिन जांच करानें वाली महिलाओं की संख्या जहां वर्ष 2023 में मात्र 1084 थी , जो वर्ष 2024 में 2214 हो गई और इस जांच में तुलनात्मक तौर पर 104 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2023 में उच्च जोखिम का चिन्हांकन करने वाली महिलाओं की संख्या 170 से वर्ष 2024 में 387 हो जाने के कारण 128 प्रतिशत , वर्ष 2023 में खून की कमी का चिन्हांकन करनें वाली महिलाओं की संख्या में 41 से वर्ष 2024 में 86 हो जाने से 110 प्रतिशत, कुल उच्च रक्तचाप का चिन्हांकन जहां वर्ष 2023 में 21 महिलाओं द्वारा कराया गया था वहीं 2024 में इसकी संख्या 99 हो गई और इसमें 371 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।गर्भ के साथ मधुमेह का चिन्हांकन वर्ष 2023 में मात्र 7 महिलाओं द्वारा कराया गया , वहीं वर्ष 2024 के प्रथम 4 माह में ही 25 महिलाओं का मधुमेह परीक्षण किया गया।इस प्रकार इसमें क 257 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

शासकीय चिकित्सकों एवं मैदानी स्वास्थ्य अमले की मेहनत और निजी चिकित्सकों की समन्वित भागीदारी से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और जिले के मातृ मृत्यु दर में काफी कमी आई है।

### ध्यान देने से सुधरा आंकड़ा

कलेक्टर द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के नियमित पर्यवेक्षण और अनुश्रवण से गर्भवतियों और शिशुवतियों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के लिए संचालित सुपोषण अभियान से काफी मदद मिली। वहीं मातृत्व स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल और गर्भवतियों और शिशुवतियों को हर तरह का इलाज उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार सुदृढ़ीकरण किया गया। ज्यादा जोखिम वाली गर्भवतियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच और निगरानी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर स्वास्थ्य महकमे की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की गई।

### कलेक्टर की नियमित समीक्षा

बताते चलें कि कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नियमित तौर पर गर्भवती महिलाओं की जानकारी के साथ हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाले केसों का चिन्हीकरण कर नियमित फोलोअप किया जाता रहा है। इससे प्रसव के समय जिले में गर्भवती माताओं की अकाल मृत्यु दर कम हुई। साथ ही नियमित जागरूकता, टीकाकरण और समय पर उपचार के समन्वित प्रयासों से मातृ मृत्यु दर के साथ -साथ शिशु मृत्यु दर में भी गिरावट दर्ज की गई।

कटनी जिले की मातृ मृत्यु दर में आई बड़ी गिरावट की यह उपलब्धि जिले ने स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास और जोखिम वाली गर्भवती महिलाओ के घर-घर जाकर चिन्हित कर उनके जांच एवं उपचार पर विशेष ध्यान देकर हासिल किया है।कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा अपनायें गये नवाचारों की वजह से गुणवत्तापूर्ण मातृ और प्रजनन देखभाल सुनिश्चित हुईं ।इससे जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं ,गर्भावस्था और प्रसव या फिर गर्भपात के दौरान होने वाले कॉम्प्लीकेशंस में कमी आई और विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल पहलुओं में सुधार से मातृ मृत्यु दर को नीचे लाने में मदद मिली।

---

### पुलिस लाइन में समर कैम्प का किया गया शुभारंभ

## खेल गतिविधियों के साथ साथ बच्चों को सेल्फ डिफेंस का दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




बच्चों को खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित सेल्फ डिफेंस जैसी शिक्षा प्रदान करने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर पुलिस लाइन में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। समर कैंप का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा, रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत की मौजूदगी में हुआ।

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आयोजित समर कैंप में विभिन्न गतिविधियां रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत के नेतृत्व में संचालित होगी। समर कैंप के संबंध में जानकारी देते हुए रक्षित निरीक्षक श्रीमती राजपूत ने बताया कि वर्तमान में देखा जा रहा है कि बच्चे आउटडोर गेम से दूर होते जा रहे हैं और ज्यादातर बच्चों में मोबाइल एडिक्शन की शिकायत सामने आ रही है। बच्चों को मैदान की गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा समर कैंप लगाकर विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत कटनी पुलिस लाइन में शुरू हुए समर कैंप में आगामी डेढ़ महीने तक बच्चों को विभिन्न तरह की खेल गतिविधियां सिखाई जाएंगी और उन्हें खेलने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

समर कैंप में पुलिस परिवार के अलावा बाहर के भी बच्चे स्वेच्छा से हिस्सा ले सकते हैं। कैंप में बच्चों को उनकी रुचि के हिसाब से क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी जैसे विभिन्न खेल खिलाए जाएंगे। इसके अलावा डांस, योग, मेडिटेशन एवं सेल्फ डिफेंस जैसी गतिविधियां भी सिखाई जाएंगी। रक्षित निरीक्षक श्रीमती राजपूत ने कहा कि जो भी माता-पिता अपने बच्चों को समर कैंप में प्रशिक्षण दिलाना चाहते हैं वह पुलिस लाइन आकर अपने बच्चों को प्रशिक्षण दिला सकते हैं।

### नदियों को स्वच्छ बनाये रखने किया जागरूक



शहर में सामाजिक संगठनों ने मिलकर एक जागरूकता अभियान चलाया जिसका उद्देश्य शहर के लोगों और बच्चों को नदियों के सफाई के लिए जागरूक करना था। इस अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों विद्यालोक फाउंडेशन, क्षत्रिय सेवा समिति, कटनी ब्लड डोनर समिति, श्री महाकाल सेवा समिति के सदस्यों और स्कूल के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अखिलेश पुरवार, अरजित खरे, प्रदीप द्विवेदी, मनीष सिंह, शुभम तिवारी, दीपक वर्मा, प्रमोद जैन, सत्यम तिवारी, जगदीश गुप्ता, प्रसन्न सिंह,सौरभ मिश्रा, अर्चना गुप्ता, पूनम शर्मा, आशीष श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, सुदीप शर्मा, अमिता सिंह,अक्षत तिवारी और अभिषेक गौतम सहित कई व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि नदियों में प्रदूषण कैसे फैल रहा है और इसे कैसे रोका जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लिया। इस दौरान नदियों के महत्व को बताते हुए नदियों को साफ रखने के तरीकों पर भी चर्चा की गई।

---

## अनाधिकृत कॉलोनी विकसित करने पर जारी किया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम अमरैया में आनन्द गोयनका निवासी गोयनका भवन स्टेशन रोड कटनी द्वारा अनाधिकृत कालोनी विकसित करने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न मप्र नगरपालिका अधिनियम 1961 तथा मप्र नगरपालिका कालोनी विकास नियम 2021के तहत कार्रवाई की जाय । कलेक्टर ने इस संबंध में 27 मई को शाम4बजे उपस्थित हो कर पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर न्यायालय में प्रचलित इस मामले में आनन्द गोयनका पिता शंकर प्रसाद गोयनका द्वारा ग्राम अमरैया पटवारी हल्का नंबर 37 के खसरा नंबर 80के रकवा 0.34 हेक्टेयर में 3 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, खसरा नंबर 83के रकवा 1.1970 हेक्टेयर में 4 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र और खसरा नंबर 76/2 रकवा 0.2460 कृषि भूमि पर 5 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित किए गए।यह विक्रय आवासीय प्रयोजन की दृष्टि से किया गया है,जो अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आता है। आनन्द गोयनका द्वारा भूमि को सक्षम अनुमति के बिना भू-खण्डों में विभाजित कर भिन्न-भिन्न व्यक्तियों को आवासीय प्रयोजन हेतु विक्रय किया गया है।

कालोनाइजर आनंद गोयनका द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्लाट विक्रय के संबंध में वैध प्लाटिंग की अनुज्ञप्ति पेश नहीं की गई । उल्लेखित तीनों खसरा नंबर के रकवा आपस में लगे हुए हैं। वर्गफुट में भूमि का विक्रय किये जाने से प्रथम दृष्टया अनाधिकृत कालोनी निर्माण दृष्टिगत होता है।जो कि मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 का उल्लंघन है।अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ के प्रतिवेदन के अनुसार आनन्द गोयनका द्वारा बिना सक्षम अनुमति के कालोनाइजर अधिनियम का उल्लंघन कर कालोनी का विकास किया जा रहा है,जो अनाधिकृत कालोनी विकास की श्रेणी में आता है। आनन्द गोयनका द्वारा विक्रय के संबंध में वैध प्लाटिंग की अनुमति प्रस्तुत नहीं किया गया है। राजस्व ग्राम अमरैया नगर परिषद कैमोर के अंतर्गत आता है। लेकिन आनन्द गोयनका के पास नगर पालिका अधिनियम 1996 की धारा के तहत रजिस्टर्ड कालोनाइजर की अनुमति नहीं है। अनुज्ञा प्राप्त किए बिना कालोनी का विकास कार्य नियमों का उल्लंघन है।

---

### बढ़ते हादसों के बाद भी नहीं कसी जा रही चालकों की नकेल

## ज्यादा कमाई के लालच में ओवरलोड सवारियां भरकर हादसे को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के ग्रामीण अंचलों में आटो ओवरलोड सवारियां भर कर फर्राटे के साथ चल रहे हैं। अपने लाभ के लिये वाहन चालक यात्रियों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कई चालकों द्वारा तो रजिस्ट्रेशन व परमिट के बगैर ही ओवरलोड सवारियां भरकर वाहन दौड़ा रहे हैं। कई बार तो नाबालिगों को भी आटो रिक्शा चलाते देखा जा सकता है। अक्सर हादसों के बाद ही जिम्मेदारों का आंखें खुलती है।

### जोखिम का सफर

ग्रामीण क्षेत्र में साधनों की कमी के चलते लोग मजबूरी में ऑटो, लोडर में सफर जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है शहर से लेकर गांव तक बेपरवाही का आलम जारी है, लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यदा-कदा चालानी कार्रवाई का कोरम तो पूरा कर लिया जा रहा है, लेकिन हादसों पर लगाम लगाने कोई पहल नहीं हो रही। सड़क हादसों को रोकने के लिए सिर्फ सड़क सुरक्षा सप्ताह सहित बैठकों में मंथन की औपचारिकता तक सीमित रहता है।

### ओवरलोडिंग से कई बार हो चुकीं हैं दुर्घटना

जिले में ओवरलोड आटो व लोडर वाहन कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं जिनमें लोगों की जान तक चली गई है बावजूद इसके ओवरलोड वाहन सरपट दौड़ रहे हैं जिसके चलते हादसे हो रहे हैं और सड़कें खूनी बनती जा रही हैं।

### हादसा होने के बाद ही जागते हैं जिम्मेदार

शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में सवारी व लोडर वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं। कई बार तो वाहन चालक नशे की हालत में फर्राटा भरते हैं। साधनविहीन मार्गों में आटो व लोडर वाहन चालक मौके पर फायदा उठाकर ओवरलोड सवारियां बैठाते हैं। इस दौरान सवारियों को जहां दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हर समय दुर्घटना होने का भी डर बना हुआ है। इसके लिए जिम्मेदार कार्यवाई करने की बजाय मौन साधे हुए हैं।

---

### पुलिस अधीक्षक ने अपराध समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कार्यवाही के दिये निर्देश

# मादक पदार्थों की तस्करी एवं अपराधिक तत्वों पर सख्ती से करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा मासिक अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण, अवैध हथियार एवं नशाखोरों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवं शहरी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया। मीटिंग में जिले के शहरी थानों के अपराध, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, वाहन चेकिंग एवं अन्य कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को लंबित शिकायतों, लंबित गंभीर अपराधों के शीघ्रता से निकाल हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण हेतु यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही, शहर में निर्धारित समय में प्रतिबंधित वाहनों के आवागमन पर रोक तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही अनावश्यक एकत्र हुए अराजक तत्वों, हवाबाजों, अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वालों तथा रात्रि में अनावश्यक घूमने वाले लोगों, संदिग्ध व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला बदर आरोपी जो जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर पाए जाते हैं उनकी शीघ्र गिरफ्तारी, तथा निगरानी, गुंडा बदमाशों की निरंतर निगरानी, क्षेत्र में शांति भंग या माहौल खराब करने वाले लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ साथ आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन मोड पर लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायत, महिला संबंधी अपराध, बच्चों पर घटित पोक्सो एक्ट के अपराध, वाहन चोरी, नकबजनी, अवैध हथियार संबंधी अपराध, चिन्हित प्रकरणों की शीर्षवार विस्तृत समीक्षा की गई जिसमें अपराधवार थाना प्रभारियों को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए जप्ती, अपराधियों की गिरफ्तारी, चालान आदि का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया ।

बैठक में पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने कहा कि साधारण मारपीट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट, जुआ, सट्टा आदि के प्रकरणों का 15 दिवस के अंदर नियमानुसार क़ानूनी कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय में चालान पेश करायें, कोई भी प्रकरण बिना वजह लंबित नही होना चाहिये। लंबित धारा 363 भादवि के प्रकरण में अपहृत अवयस्क बालक, बालिकाओ की हर सम्भव प्रयास कर दस्तयाबी हेतु निर्देशित करते हुये घटित हुये सम्पत्ति संबंधी अपराधों में चोरी गई सम्पत्ति की बरामदगी के हर सम्भव प्रयास करें। इस हेतु पूर्व में पकड़े गये एवं जेल से रिहा हुये सम्पत्ति सम्बंधी अपराधियों से पूछताछ करते हुये उनकी गुजर बसर की जांच करें।

ऐसे आरोपी जो लंबे समय से फरार है, उनकी सम्पत्ति कुर्क हेतु उनके विरूद्ध नियमानुसार 82, 83 जाफौ के तहत कार्यवाही की जाये, साथ ही सहयोगी एवं आश्रय देने वाले के विरूद्ध 212, 216 आईपीसी के तहत भी कार्यवाही की जाये।

उन्होंने कहा की लंबित सी.एम. हैल्प लाईन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित संतुष्टीपूर्ण निकाल करें। साथ ही सी.सी.टी.एन.एस. में सभी प्रकार की प्रविष्टियों को एवं रोड एक्सिडेंट के प्रकरणों का डाटा ''आई रेड एप'' (इंटीग्रेटिड रोड एक्सिडेंट डाटाबेस) में समय का विशेष ध्यान रखते हुये अपलोड करें। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को निम्न दिशा निर्देश प्रदान किए। सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण कर जनता से जनसंवाद करेंगे। अवैध गतिविधियों शराब, जुआ सट्टा, मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ और सख्ती से कार्रवाई की जाए। खुले में शराब पीने वालों, असामाजिक तत्वों और दहशत फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाए। सभी थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र के आसूचना संकलन को और मजबूत करे। छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।स्थाई वारण्टी-गिरफ़्तारी वारंटियों की भी धरपकड़ करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्रों में गुण्ड़ो को चिन्हित कर उनके विरूद्व कार्यवाही सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्रों में किसी गंभीर अपराध के घटित होने पर संबंधित थाना प्रभारी एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी पुलिस आवश्यक रूप से मौका मुआयना करें। गौवंश तस्करी एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्व कार्यवाही सुनिश्चित करें। थाना प्रभारी महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरती जाकर अपराधों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी थाना प्रभारी स्वंय रात्रि में थाना क्षेत्रों में लगने वाली गश्त को प्रभावी रूप से करवाना सुनिश्चित करें।

---

## रेत ठेका कंपनी कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शनिवार की दोपहर बरही के खितौली चौकी अन्तर्गत मिड़की घाट में रेत के अवैध कारोबार को लेकर जमकर विवाद हुआ। रेत ठेका कंपनी के बाउंसरों ने खूब उत्पात मचाया। विवाद इतना बढ़ा की आक्रोशित ग्रामीणों ने रेत कंपनी के बाउंसरों के बोलेरों वाहन में तोड़-फोड़ कर डाली। विवाद के बाद दर्जनभर वाहन में सवार होकर और भी बाउंसर पहुँच गए। इस विवाद की खबर लगते ही खितौली चौकी प्रभारी मौके पर पहुँच गए।

गत दिवस हुए विवाद के बाद भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला यहां पर पुलिस ने रेत कंपनी के बाउंसरों की शिकायत पर ग्रामीणों के खिलाफ तो मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन आतंक फैलाने वाले बाउंसरों पर कोई कार्यवाही नहीं की।

खितौली चौकी क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबार को लेकर शनिवार की दोपहर नदी घाट में रेत ठेकेदार के आधा दर्जन कर्मचारी बाउंसर बोलेरो वाहन में सवार होकर पहुँचे, जहाँ मौजूद जित्तू ठाकुर, गोलू ठाकुर, गौरव सोनी से कहा-सुनी हुई और देखते ही देखते मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई।

### ग्रामीणों पर मामला दर्ज

आक्रोशित ग्रामीणों ने रेत ठेकेदार के कर्मचारियों बाउंसरों के वाहन में तोड़फोड़ कर दी। इस विवाद की खबर लगते ही मौके पर खितौली चौकी पुलिस पहुँच गई। खितौली चौकी पुलिस ने रेत ठेकेदार के कर्मचारी की शिकायत पर खितौली के बंगला टोला निवासी जित्तू ठाकुर, गोलू ठाकुर, खितौली निवासी गौरव सोनी के विरुद्ध धारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**खबर संक्षेप**

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 मई तक

**पन्ना।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए ऑनलाईन आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 15 मई तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में जिले के शासकीय महाविद्यालयों एवं निजी संस्थाओं के प्राचार्यों को सूचित किया गया है कि संस्था में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि उपरांत यदि कोई विद्यार्थी आवेदन भरने से वंचित रह जाता है, तो इसके लिये विद्यार्थी एवं संस्था प्रमुख स्वतः जवाबदार होंगे।

## मनाया गया विश्व नर्सेस दिवस

**पन्ना।** नर्सिंग को सबसे बड़े स्वास्थ्य पेशे के रूप में माना जाता है। शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित और अनुभवी होना जरूरी है बीते कुछ वर्षों पूर्व वैश्विक महामारी कोरोना के समय में नर्सस भी अपनी भूमिका को तत्परता से निभाया और रोगियों की अच्छी तरह देखभाल करके दुनिया में एक मुकाम हासिल किया आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर नीति निर्माताओं और जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए 12 मई को विश्व नर्सेस दिवस मनाया जाता है इसी क्रम में पन्ना में भी दिनांक 12 मई को विश्व नर्सेस दिवस के अवसर पर महिला बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र पन्ना में विश्व नर्सेस दिवस मनाया गया स कार्यक्रम का आयोजन महिला बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र पन्ना की एएनएम की छात्राओं के द्वारा किया गया।

### कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों से हुए रूबरू

# सीएम राइज स्कूल के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर रविवार की सुबह हटा एक्सीलेंस स्कूल पहुंचे जहां शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया। कलेक्टर श्री कोचर ने छात्राओं से उनके पाठ्यक्रम के विषय मे जानकारी लेकर उनका मार्गदर्शन किया और भविष्य की सम्भावनाओ के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा परीक्षा में असफल छात्र हताश न हो,रुक जाना नही योजना के तहत सभी छात्र पुनः परीक्षा में शामिल होकर सफलता पा सकते हैं।

### निर्माण कार्य समय-सीमा मैं पूरा किया जाए

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि सीएम राइज स्कूल शासन की प्राथमिकता है, सभी जगह पर जाकर स्कूलों का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा यहां आने के दो उद्देश्य थे, पहला यहां पर रुक जाना नहीं के अंतर्गत दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों की क्लासेस और पांचवी और आठवीं की क्लासेस चल रही है जिनको देखा है, असफल विद्यार्थी इसी साल उत्तीर्ण हो जाए और अगली कक्षा में जाएं, इसके लिए यहां पर क्लासेस बहुत अच्छी तरीके से चल रही हैं, जिसका निरीक्षण किया है। सी.एम. राइज स्कूल का निरीक्षण किया है, भवन का पूरा प्लान देखा है कि किस तरीके से बन रहा है। यहां पर निर्देश दिए हैं, काम समय-सीमा में होना चाहिए, कुछ काम में जो थोड़ी देरी हुई है उसको कंपनसिएट करने की जितनी कोशिश की जा सकती है, वह की जाएगी और काम की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

## तहसीलदार ने किया सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**हटा।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार रविवार की सुबह तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी द्वारा सिविल अस्पताल हटा का औचक निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से रूबरू होकर उनको मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। दरअसल दमोह के कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर रोजाना सुबह से लेकर रात्रि तक आमजन की सुविधाओं हेतु काफी सक्रिय होकर समूचे जिले में सभी सरकारी विभागों में खास तौर पर अस्पताल एवं शिक्षा विभाग मैं फैली



अव्यवस्थाओं को सुधारने हेतु उनके द्वारा एवं जिले सहित तहसील स्तर के अधिकारियों को निर्देशित कर अचानक निरीक्षण किया जा रहे हैं किसी श्रृंखला में रविवार की सुबह हटा तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी द्वारा सिविल अस्पताल हटा का सीबीएमओ डॉक्टर यूएस पटेल शिवम डॉक्टर आर पी कोरी के साथ निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों से रूबरू होकर अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी इसके उपरांत नवनिर्मित मातृत्व प्रसव आश्वासन भवन में पहुंचकर महिला एवं बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं को देखा एवं संबंधित डॉक्टरों व स्टाफ नर्सों से जानकारी ली। इसके अलावा तहसीलदार त्रिपाठी ने एनआरसी वार्ड का भी निरीक्षण किया जहां छोटे-छोटे कुपोषित बच्चों की माताओं से चर्चा की और जानकारी लेते हुए एनआरसी में भर्ती किए जाने पर बच्चों के स्वास्थ्य में क्या परिवर्तन आया यहां पर मिलने वाले भोजन नाश्ता पौष्टिक आहार संबंधी जानकारी ली एवं यहां पर बनने वाले भोजन की किचन का भी निरीक्षण किया गया जहां तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी ने बताया कि सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया यहां की साफ सफाई मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को देखकर निर्देशित किया गया कि मरीज को ओर बेहतर व्यवस्थाएं दी जाए एवं एनआरसी मैं भर्ती बच्चों की माताओं से जानकारी लेते हुए यहां पर साफ सफाई स्वच्छ वातावरण के अलावा बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं को देखकर प्रसन्नता जाहिर की।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में वैशाख माह के पावन अवसर पर असाटी महिला मंडल समिति के द्वारा चलाई जा रही मासिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सुंदरकांड पाठ की आयोजक श्रीमती रीता रामगोपाल असाटी एवं श्रीमती मीना राजीव असाटी रही और कार्यक्रम के शुभारंभ में आयोजक एवं समाज की उपस्थित बहनों के द्वारा राम दरबार के समक्ष पूजा अर्चना कर सुंदरकांड का आरंभ किया गया जिसमें समाज की सभी बहनों ने सहयोग प्रदान किया एवं सुंदरकांड के पश्चात सभी ने हनुमान चालीसा कर सामूहिक आरती की और कार्यक्रम में असाटी समाज की अधिक संख्या में मात्र शक्तियों की उपस्थिति रही वही आयोजक द्वारा उपस्थित सभी बहनों को जलपान करवा कर सभी को स्वल्पाहार सहित प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

# शासकीय स्कूल बना शराबियों का अड्डा

### कैमरे तोड़े, अंदर बाहर शराब की बोतलें तोड़कर फैलाया, कांच शिकायत लेकर चौकी पहुंचे प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बनवार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अब शराबखोरी का अड्डा बन गया है. जहां अंधेरा होते ही शराबी अपनी महफिल जमा लेते हैं। रुक जाना नहीं की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। आज सुबह जब प्राचार्य स्टाफ विद्यालय पहुंचते हैं तो उन्हें असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़े गए। कैमरे और विद्यालय की मुख्य द्वार सामने व अंदर की ओर शराब की कांच की बोतले तोड़कर कांच फैला मिला और आए दिन शाम होते ही विद्यालय में शराब खोरी की घटनाएं होती रहती हैं और विद्यालय परिसर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसकी शिकायत विद्यालय प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार ने पुलिस में शिकायत की है। विद्यालय प्राचार्य मुताबिक शराब पीकर लोग शराबी शराब पीकर खाली बोतलों को मुख्य द्वार के अंदर बाहर छोड़कर और तोड़-फोड़ कर भाग जाते हैं, जिसके चलते विद्यालय आने वाले स्टाप व स्कूली छात्र-छात्राओं को मुश्किल हो रहा है. प्राचार्य विद्यालय स्टाफ ने बनवार पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाते हुए मांग की है, कि यहां रात के समय जो शराब पीते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## अहंकार का नष्ट होना ही भगवत प्राप्ति का साधन है: पं.आशीष कृष्ण

**बनवार।** बनवार के समीप ग्राम सगरा में चल रही संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री जी ने भगवान श्री कृष्ण की 11 वर्ष 56 दिन की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि परमात्मा अविद्यारूपी पूतना को 7 दिन में ही दुग्धपन करके मुक्त कर देते हैं समस्त मानवों के पांच कर्मेंद्रियां पांच ज्ञानेंद्रिय मन बुद्धि चित्त और अहंकार यह 14 ऐसी जगह हैं जिसके अंदर पूतना अपना निवास बनाती है। इसका तात्पर्य है की जीव जब भगवान के निकट पहुंच जाता है तब उसके सभी विकार नष्ट हो जाते हैं। किस प्रकार अघासुर, बकासुर धेनुकासुर, प्रलंबासुर,कालिया जैसे सर्प के फनों पर नृत्य कर भगवान बृजवासियों की और समस्त जीव मात्र की रक्षा करते हैं। तो कभी संसारिक जीव गोपिकाओं को आनंदित करने के लिए उनके घर दही माखन की चोरी करते हैं ईश्वर की विभिन्न लीलाओं पर मोहित होकर के साक्षात ब्रह्मा जी भी भगवान को समझ नहीं पाए और तब उन्होंने गौओ बछड़ो के साथ समस्त गोप ग्वालों का भी हरण कर लिया। अंत में इंद्र के अहंकार को नष्ट करने के लिए परमात्मा ने गोवर्धन की लीला करके बृजवासियों को यह बताया की कर्म ही प्रधान है। आप ईश्वर के भरोसे मत रहिए कर्म करिए तो सफलता जरूर मिलेगी। 7 दिन 7 रात मूसलाधार बारिश होने के बाद परमात्मा ने उंगली पर गोवर्धन उठाकर यही उपदेश दिया है कि आप अपनी कर्तव्य का निर्वहन कीजिए समस्याएं कभी भी हमारे साथ आ सकती हैं कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# जीवन में 3 सी का बड़ा महत्व है, समझ गए तो रिजल्ट सुधरने में देर नहीं लगेगी-कलेक्टर

### तेंदूखेड़ा में निर्माणाधीन सी एम राइज स्कूल का श्री कोचर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अपने भ्रमण की श्रखंला में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर तेंदूखेड़ा पहुँचे। उन्होंने सी एम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सबंध में बैठक ली। बैठक उपरांत स्कूल का निरीक्षण किया। शिक्षकों से बेहतर शिक्षा सबंधी निर्देश दिए। साथ ही कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के अंको को किस तरह बेहतर बनाया जा सकता है, के सबध मे महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके उपरांत कलेक्टर श्री कोचर दोपहर के समय बम्होरी ग्राम पहुँचे। यहाँ पर सी एम राइज स्कूल के भवन का निर्माण हो रहा है। उन्होंने सबंधित निर्माण एजेंसी से कार्य के सबध मे जानकारी ली और कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर सी एम राइज स्कूल पहुँचे। उन्होने यहा शिक्षकों की बैठक ली। बैठक में जिन छात्रों के इस वर्ष कम अंक आये है, उनको बेहतर बनाने के लिए क्या-क्या प्रयास किये जा रहे है ,की जानकारी ली।सी एम राइज स्कूल के प्राचार्य हेतराम अहिवाल ने बताया अतिरिक्त कक्षाओं के साथ छात्रों की कमियों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिस विषयो मे छात्राओं को कम अंक मिले है उनके सबध मे शिक्षकों द्वारा समीक्षा की जा रहीं है। कलेक्टर श्री कोचर ने समर कैम्प के सबंध में जानकारी ली। बैठक उपरांत कलेक्टर श्री कोचर ने स्कूल में चल रही कक्षाओ का निरीक्षण किया। यहाँ विभिन्न तरह की पेंटिंग थी, बताया गया यह सभी पेंटिंग छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई है और हर पेंटिंग पर छात्र और छात्राओं के नाम भी लिखें है, यह देख कलेक्टर ने पप्रशंसा की। यहाँ से कलेक्टर ने सहायक सामग्री कक्ष एस्ट्रोनामी कक्ष और आई सी टी कक्षाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जो छात्र-छात्राये इस वर्ष कम अंक लेकर आये है ,उनको बेहतर अंक लाने के लिए उनकी अतरिक्त कक्षाएं लगाई जाये और जो भी कमियाँ हों उनको तत्काल बताये। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर कैसे बनाया जाए, गुणवत्ता के साथ बच्चों को शिक्षा मिले जिसके लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सीएम राईज स्कूल के निरीक्षण के दौरान जीवन में 3 सी का महत्व बतया है। उन्होंने कहा हमने 3 सी के ऊपर बात करने की कोशिश की है, सबसे पहले कांसेप्ट क्लेरिटी, दूसरा सी से कॉपी चेकिंग तीसरा सी से काउंसलिंग यदि हम इन तीनों का बहुत अच्छे से ध्यान कर लेगे तो बच्चों के रिजल्ट सुधरने में देर नहीं लगेगी। इसके अलावा कहां कि बच्चों का मानसिक विकास कैसे हो ताकि जिले मै शिक्षा ग्रेडिंग बढे, इसके लिए हमें प्रयास करने होंगे इस अवसर पर तेंदूखेड़ा एस डी एम अविनाश रावत, तेंदूखेड़ा तहसीलदार सोनम पांडे, तेंदूखेड़ा बी ई ओ नीतेश पांडे, एन एस राजपूत, नायब तहसीलदार चंदशेखर शिल्पी, भूपेंद्र सींग सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### सुनार नदी में पंचम नगर परियोजना बांध से छोड़ा गया पानी

# लोग गर्मी से राहत पाने पहुंच रहे हैं भदभदा, वॉटरफॉल बना सेल्फी प्वाइंट



**हटा।** गर्मी के मौसम में सुनार नदी के जलस्तर को बढ़ाये जाने के लिए पंचमनगर परियोजना से सुनार नदी में पानी छोड़े जाने के बाद भदभदा वॉटरफाल फिर से अपनी कलकल ध्वनि के चलते नगर एवं आसपास के लोगो को गर्मी के मौसम में राहत देने के साथ ही सरिता सुनार नदी का जलस्तर बढ़ने से गर्मी में नगर को पेयजल संकट से छुटकारा मिलेगा।नगर के समीपस्थ सरिता सुनार पर भदभदा वॉटरफाल इन दिनों भीषण गर्मी में अपनी प्राकृतिक छठां बिखेरता नजर आ रहा है जिसको देखने व गर्मी से राहत पाने के लिए नगर के अलावा समूचे क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार सहित गर्मी का आनंद वॉटरफाल पर जाकर उठा रहे है। यहां की चट्टानों के ऊपर से बहने वाला झरना भेड़ाघाट के भदभदा से कम नही है इसकी तेज धार में तैराक ऊपर से छलांग लगाकर गर्मी के मौसम में कुछ हद तक सुकुन पाने के लिए सुबह से ही इस भदभदा के झरनों में बह रही ठंडी ठंडी कूल कूल धाराओं के बीच नहाकर गर्मी में ठंडक का आनंद लेते हुए खूब परिवार मित्रों के साथ सेल्फी ले रहे हैं।

### जलस्तर बढ़ने से चल रही कंचन धार

जहां एक ओर गर्मी के मौसम में जलस्तर घटने से अधिकांश नदियां सूख जाती है लेकिन विगत वर्षो से लगातार कलेक्टर के निर्देशन पर गर्मी शुरू होने के पहले पंचम नगर परियोजना बांध से पानी छोड़े जाने से तीन से चार माह तक नदी का जलस्तर बढ़ा रहता है एवं साफ स्वच्छ पानी लोगो को इस मौसम में उपलब्ध होता है।

## कृष्ण रुक्मिणी विवाह आत्मा का भगवान से मिलन: पं शशिकांत गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बनवार बस स्टैंड अग्रवाल परिवार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छटवें दिवस में कथावाचक वाल व्यास पंडित ऋषिकांत गर्ग रुक्मिणी कृष्ण के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि कृष्ण रुक्मिणी का विवाह जीवात्मा का परमात्मा से मिलन की कथा ह भगवान श्रीकृष्ण का विवाह रुक्मिणी से हुआ था, लेकिन इसके लिए श्रीकृष्ण को बड़ा युद्ध करना पड़ा था। रुक्मिणी के पिता और भाई की करीबी जरासंध, कंस और शिशुपाल से थी। ये सभी भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखते थे। श्रीकृष्ण से रुक्मिणी के विवाह में यही सबसे बड़ी बाधा थी। रुक्मिणी पहले ही श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं। रुक्मिणी राजा भीष्मक की पुत्री थीं, जो विदर्भ के राजा थे। रुक्मिणी देखने में बहुत सुंदर थी, लेकिन इसके साथ ही साथ वे बहुत बुद्धिमान भी थीं। उनका व्यवहार बहुत ही सौम्य था और उनके हृदय में करुणा थी। श्रीकृष्ण से बहुत प्रभावित थीं। रुक्मिणी बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण से प्रभावित थीं। आरंभ से ही वे उनकी वीरता और बुद्धिमता की कहानियां सुनती आ रही थीं। रुक्मिणी जब विवाह योग्य हुई तो उनके पिता ने उनके सामने कई रिश्ते रखे लेकिन उन्हें कोई भी पसंद नहीं आया। इस पर उनके पिता को चिंता हुई। एक दिन पिता ने शिशुपाल से रुक्मिणी का विवाह तय कर दिया, लेकिन रुक्मिणी को ये रिश्ता पसंद नहीं था। एक दिन रुक्मिणी ने दुखी होकर भगवान श्रीकृष्ण को एक पत्र लिखा। भगवान को जैसे ही रुक्मिणी का पत्र मिला, वे समझ गए कि रुक्मिणी कोई बड़े संकट में है। भगवान श्रीकृष्ण भी रुक्मिणी को जानते थे, क्योंकि उन्होंने भी रुक्मिणी की कई किस्से सुन रखे थे। वह साक्षात महालक्ष्मी थी। रुक्मिणी के विवाह की तैयारियां जोरों पर थी। मंडप सज चुका था। शिशुपाल बारात लेकर आ चुका था, लेकिन जैसे ही शिशुपाल बारात के साथ द्वार के पास पहुंचा। उससे पहले ही श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर वहां से निकल आए।

## महिला परिषद ने इक्षु रस का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, प्रिय कारिणी संभाग, नशिया शाखा दमोह ने अक्षय तृतीया के पर्व पर इक्षु रस (गन्ने )का वितरण नशिया मंदिर के सामने दोपहर मैँ 3:30 बजे मजदूरों एवं राहगीरों के बीच किया । आज के दिन भगवान आदिनाथ जी को 1वर्ष 39दिन के उपरांत राजा सोम एवं श्रेयांश नेआहार मैँ इक्षु रस दिया था। इसलिये गन्ने के रस का विशेष महत्व है, शाखा की सभी सदस्यों ने भी गन्ने के रस का आनंद लिया । कार्यक्रम मैँ केंद्रीय संरक्षिका एवं प्रांतीय वरिष्ठ अधिकारी श्री मति रोहिणी जैन, प्रांतीय चेयर पर्सन श्रीमति कविता जैन, शाखा अध्यक्ष श्री मति चम्पा जैन, शाखा सचिव अनीता चौधरी, पदमा जैन, सीमा दिगंबर, सीमा स्टूडियो, सपना जैन, महिमा जैन, डॉली जैन, सुषमा जैन, नलिनी जैन,दिशा जैन आदि की उपस्थिति रही ।

# कथा के तीसरे दिन सुनाया सती चरित्र का रोचक प्रसंग

### परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता - किशोरी जी



**दमोह।** कुंडलपुर पटेरा रूंद वाले हनुमान मंदिर में मार्गदर्शक महंत श्री गजेन्द्र पुरी जी महराज जी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। कथा वाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कहा कि यदि अपने गुरू,इष्ट के अपमान होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। प्रसंगवश भागवत कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा था। भागवत कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए बाल व्यास जी ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। बलराम जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भगवान ध्रुव के सत्कमोर् की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधना,उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। कथा के दौरान किशोरी जी ने बताया कि संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। किशोरी जी ने बताया कि भागवत कथा की सभी व्यवस्थाएं ग्रामीणों के द्वारा सामूहिक रूप से की जा रही है। श्रीमद् भागवत महापुराण के तीसरे दिन प्रवचन सुनने के लिए पूरा ग्रामीण क्षेत्र उमड़ पड़ा। भागवत पुराण पर दिए जा रहे प्रवचनों को सुनने के प्रति जनता में अपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र अजामिल एवं प्रहलाद चरित्र के विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ संगीतमय प्रवचन दिए।

## खबर संक्षेप

### मुनि श्री प्रबोधसागर जी ससंघ का कुंडलपुर से मंगल विहार

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा से युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनि श्री प्रबोधसागर जी महाराज, मुनिश्री शैल सागर जी महाराज, मुनिश्री अचल सागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से वमनपुरा की ओर हुआ।

### शालाओं के प्राचार्य को नोटिस जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निरंतर निरीक्षण से जिले के समस्त विद्यालयों में अनवरत कक्षाओं का संचालन जारी है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा व सहायक परियोजना समन्वयक मोहन राय ने भी रविवार को शासकीय हाई स्कूल घाट पिपरिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी, हाई स्कूल पटेरिया व हाई स्कूल मझगवां हंसराज का निरीक्षण किया। हायर सेकेंडरी कुम्हारी में अपेक्षा से कम उपस्थित पाए जाने तथा हाई स्कूल पटेरिया में निर्धारित समय तक कक्षाओं के संचालन न होने पर संबंधित प्राचार्य को नोटिस जारी किए। समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने विकासखंड में भ्रमण कर रुक जाना नहीं की विशेष कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा जहां पर भी कक्षाओं की संचालन में कमियां है उन्हें दूर करने हेतु संस्था प्रभारी को निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्य को निर्देशित किया है कि सोमवार से एक बार फिर सभी विद्यालयों की सघन मॉनिटरिंग की जायेगी।

### कृषक प्रशिक्षण शिविर आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आज 13 मई को पटेरा के ग्राम देवरी रतन में, 14 मई को जबेरा के ग्राम सिंग्रामपुर में तथा 15 मई 2024 को तेन्दूखेड़ा के ग्राम हरई पांजी में आयोजित किये जायेगें।

### घटना से जबलपुर मार्ग पर डेढ घंटे तक लगा रहा जाम

# चलते कंटेनर में लगी आग, चालक ने कूदकर जान बचाई, दमकल ने बुझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह





सुबह लगभग साढे 10 बजे जबलपुर रोड़ पर जाते समय 27 मील एवं नरगुवा ग्राम के बीच में लखनउ से हैदरावाद जाते समय बिजली की केबिल बायर से लदा कंटेनर क्रमाक आरजे 36 जीए 4313 में अचानक आग लगने से सडक पर हडकम्प मच गया । आग इतनी भयानक थी कि दोनो ओर वाहनो का आना जाना रूक गया था। कंटेनर के ड्राईवर सतनारायण जाट ने कूंदकर अपनी जान बचाई थी। आग लगने का कारण साटसर्किट बताया जा रहा है। तत्काल लोगो ने फायर वाहन एवं पुलिस को सूचना दी गई। साथ ही पाटन एवं तेंदूखेड़ा की फायर वाहन ने पहुंचकर कंटेनर में लगी आग को बुझाया गया। लेकिन इसके पहले कंटेनर जलकर खाक हो गया था। आग इतनी भयानक थी कि कंटेनर के सभी टायर फटकर जंगल में जाकर गिरे थे जिस कारण जंगल में भी आग लग गई थी। लगभग डेढ घंटे तक जाम लगा रहा है। इस दौरान 108 वाहन भी फस गया था। आग पर काबू पाने के बाद ही जाम खुल पाया था। कटेनर में आग लगने से कितना नुकसान हुआ है इसकी जानकारी नहीं लगी है। ऐसे ही शनिवार की रात्रि में लगभग 9 बजे नगर के तारादेही तिगडडा पर जबलपुर से दमोह जाते समय डस्टर कार क्रमाक एमपी 34 जी 1100 में अचानक इंजन में आग लग गई थी। कार चालक ने कार रूकदी थी और कार का वोनट खोलने का प्रयास किया था लेकिन आग लगने के कारण वोनट लाक हो गया था। लेकिन लोगो ने कार में आग लगी देखकर तत्काल पानी लाकर आग को बुझाया गया। डस्टर कार दमोह की बताई जा रही है।

# जागेश्वरनाथ कॉरीडोर के संबंध में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक

**दमोह।** बांदकपुर के विकास के लिए सरकार की योजना है, इस योजना के अंतर्गत एक मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा हैं, मास्टर प्लान के अलग-अलग फेस में कार्य किए जाने समिति के सदस्य और अन्य संबंधितो के साथ मास्टर प्लान पर एक प्रेजेंटेशन देखा गया और सदस्यों से चर्चा की गई। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बांदकपुर में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान समिति अध्यक्ष श्रीसुरेश मेहता, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, पंडित कृपाल पाठक सहित पर्यटन विभाग के अधिकारीगण मोजूद थे। उन्होंने कहा इस चर्चा के दौरान समिति के सदस्यों, अधिकारियों और यहां के नागरिकों के सभी सुझावों को समन्वय करके आगे के चरणों मे कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा यह बहुत ही प्रारंभिक चर्चा हैं और इस प्रारंभिक चर्चा के बाद कोशिश की जाएगी की जून के अंत तक सारी चीज सेटल डाउन कर कर ली जाये, ताकि जल्दी से जल्दी काम आगे शुरू हो सके। कलेक्टर ने कहा यह अभी प्रारंभिक स्टेज है, विभिन्न चरणों में कार्य किया जायेगा। अभी भी अनुमानित लागत लगभग 100 करोड़ के आसपास की है, इन सुझाव को इनकॉरपोरेट करने के बाद हो सकता हैं वह बढ़ जाए या घट जाए, परिवर्तन उसमें संभव हैं इसलिए यह बहुत ही प्रारंभिक स्टेज हैं, इन सुझाव को इनकॉरपोरेट करके लगातार इस पर काम करेंगे और लगातार इसकी समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर तीर्थ स्थल बांदकपुर पहुँचे थे। उन्होंने यहां भगवान जागेश्वरनाथ के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर परिसर का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने कॉरीडोर के संबंध में सभी संबंधितों से विस्तृत चर्चा की। पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने बताया कॉरिडोर के लिए बहुत ही सारगर्भित और प्रथम बैठक हुई है। कॉरिडोर निर्माण के लिए जो पृष्ठभूमि पहले बनी थी इसकी विधिवत शुरुआत हो गई है। उन्होंने बताया कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एसडीम श्री चौरसिया, पर्यटन विभाग के सीईओ, इंदौर से सुरदीप पुरोहित और पर्यटन विभाग के इंजीनियर यहां पर आए थे और समिति के साथ बैठक की। वे अपना प्रपोजल लेकर आए थे जिसमें बहुत से सुधार और संशोधन कलेक्टर श्री कोचर ने किए हैं, हमने भी सुझाव दिए हैं अब आगे बैठक 20 तारीख के आसपास रखी गई है। आर्किटेक्ट श्रुति पुरोहित ने प्रथम आवश्यकता के बारे में बताया जिस पर कलेक्टर श्री कोचर ने अपडेट के लिए कहा कि किस तारीख को आएंगे, जिस पर आर्किटेक्ट श्रुति पुरोहित ने कहा 20 तारीख के पहले सर्वे हो जाएगा। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश मेहता, एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव, एसडीएम निकेत चौरसिया,सीईओ पूनम दुबे ,अनुराग श्रीवास्तव, अखिलेश चांदोलकर, मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पं. राम कृपाल पाठक, आचार्य पं. रवि शास्त्री, सरपंच सुनील डबुल्या सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति रही।



# दुखद घटनाः स्पीड ब्रेकर पर उछली बाइक से गिरी महिला की मौत

**बनवार।** बांदकपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बल्लारपुर से दर्दनाक हादसा सामने आया है जिसमे एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल अपने भतीजे के साथ बाइक पर बैठी महिला उछलकर सड़क पर गिर गई। गिरने से महिला के सिर में गंभीर चोट आई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बालारपुर के पास हुआ।



महिला को परिजन जिला अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टरों ने उसके मौत की पुष्टि की है। महिला के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जबलपुर निवासी सरोज पति डालचंद विश्वकर्मा 45 वर्षीय अपनी बहिन के यहां चंडी चोपरा आई हुई थी जो सुबह बस से अपनी भतीजी के साथ बांदकपुर भगवान भोलेनाथ के दर्शनों के लिए जा रही थी। लेकिन तभी रोड ग्राम में उसके भतीजी महिला और उसके साथ एक बच्ची को बस से उतारकर बाइक से बांदकपुर के लिए जा रहा है। तभी बलारपुर ग्राम के पास तीन स्पीड ब्रेकर बने हुए और तेज रफ्तार बाइक जैसे ही स्पीड ब्रेकर से गुजरी बाइक पर पीछे बैठी हुई महिला उझलकर सड़क पर सिर के बल गिरने सिर में आई गंभीर की वजह से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वही बाइक चला रहे युवक और बाइक में बैठी एक बालिका को कोई चोट नहीं आई है।

# निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी एवं प्रसाद सागर जी संघ का हुआ मिलन



**दमोह।** कुंडलपुर में महा महोत्सव के पश्चात दमोह नगर आगमन पर निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज की संघ सहित दमोह जैन समाज के द्वारा मंगल अगवानी की गई दमोह के हृदय स्थल घंटाघर पर निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज एवं निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज का संघ सहित महामिलन हुआ ढोल नगाड़ों के साथ घंटाघर बड़े बाबा और छोटे बाबा के जयकारों से गूंजायमान हो गया। मुनि संघ के आगमन के समय द्वार द्वार पर रंगोली सजाई गई और पदप्रक्षालन के साथ आरती उतारी गई। दिगंबर जैन धर्मशाला पहुंचने पर महिला मंडल के द्वारा कलश एवं आरती के साथ मुनि संघ की अंगवानी की मुनि संघ के पद प्रक्षालन का सौभाग्य डॉ विवेक चौधरी को प्राप्त हुआ तथा शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य कमलेश इमलिया वाले परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री शीतल सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा की फास्ट फूड के त्याग के बिना कल्याण संभव नहीं है क्योंकि बाजार के अनेक पदार्थ में हिंसक चीजों का मिश्रण होता है उससे व्यक्ति को मांसाहार का दोष लग रहा है इससे व्यक्ति को बचने का प्रयास करना चाहिए। आप क्या खा रहे हैं क्या पहन रहे हैं इसका हमको पता होना चाहिए। वरना अनजाने में मांसाहार का दोष लगता रहेगा जिससे नरक जाने से कोई नहीं बचा पाएगा। मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ने कहा की दमोह का यह परम सौभाग्य है कि निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी जैसे महाश्रमण का मंगल सानिध्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने धर्म गुरु एवं शास्त्र की रक्षा के उद्देश्य से युवाओं का संगठन तैयार करने का शंखनाद किया है। वह निश्चित ही अत्यंत सराहनी है दमोह के युवाओं को कुंडलपुर जैसे महातीर्थ की रक्षा के लिए सदैव सक्षम रहना चाहिए। निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज ने कहा कि बड़े बाबा के समक्ष जो हाथ जोड़ता है उसका कल्याण निश्चित होता है किंतु जो हाथ मिलाने का प्रयास करता है वह विनाश की ओर चला जाता है। महाराजा छत्रसाल ने बड़े बाबा के समक्ष अपने हाथों को जोड़कर विनय की थी तो उनका लौटा हुआ राज्य वापस मिल गया था देश धर्म और तीर्थ की रक्षा के लिए युवाओं को संगठित रहना अत्यंत आवश्यक है।

### दुर्जन अपने पीछे चलता है सज्जन के पीछे दुनिया चलती है- मुनि सुधा सागर जी

सभा के अंत में निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि दुनिया को दुर्जन अपने पीछे चलाता है। जबकि सज्जन के पीछे दुनिया चलती है। सज्जन के रास्ते नहीं बदलते क्योंकि उसकी अनुभूति हो जाती है कि मेरे आगे कोई चल रहा है। चलने वाले का संपूर्ण ज्ञान होना चाहिए। तभी मंजिल प्राप्त होती है। कोई सामने चल रहा है इसे स्वीकारो अन्यथा तुम उनम्मत हो जाओगे। भगवान के पोते मरीच ने यही किया। उसने 363 मत चला दिए और वह संसार में करोड़ों वर्ष भटकता रहा क्योंकि पाप करना अलग है और पाप की अनुभूति होना अलग है। क्रोध करते हैं किंतु क्रोध की अनुभूति होना चाहिए। शराब पीना अलग शराबी की अनुभूति होनी चाहिए। मनुष्य संसार में है किंतु संसारी की अनुभूति नहीं हो रही है। पाप कर रहे हैं किंतु पाप की अनुभूति नहीं हो रही है। रात्रि में खाने वाले को यदि यह अनुभूति हो कि मैं मांस खा रहा हूं मैं निशाचर हूं मैं राक्षस हूं यदि उसे रात्रि भोजन करते हुए भी जैन की अनुभुती हो रही है तो दुर्गति निश्चित है। प्रातः उठने के साथ हमें यह अनुभूति होनी चाहिए कि मैं संसार का सबसे बड़ा पापी हूं दुष्ट हूं मायावी हूं कसाई हूं तो जीवन में पवित्रता आ सकती है क्योंकि निश्चल प्रकृति के मुनिराज भी प्रातः काल यह अनुभूति करते हैं। मिठाई खाते वक्त हमें आनंद की अनुभूति होती है। महाराज की अगवानी में हमें अपने सौभाग्य की अनुभूति होनी चाहिए। हमें लगना चाहिए मेरे पुण्य और सौभाग्य की अगवानी हो रही है। हमें यह अनुभूति होनी चाहिए कि मैंने कितना पुण्य किया कि मैं आज धर्मात्मा के पीछे चल रहा हूं। बालक के आंसू निकलते हैं किंतु चॉकलेट मिलने पर वह उसका आनंद लेता है। साधु विपरीत परिस्थितियों में भी आगम की आज्ञा मानते हुए आनंद की अनुभूति करते है।

# गंदे जल की सप्लाई की शिकायत पर कलेक्टर ने दिये अधिकारियों को निर्देश

- पटेरा में नगरवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा
- सीएमओ व जल निगम के अधिकारी व्यवस्था सुधारें, तहसीलदार करें एक सप्ताह तक मानीटरिंग : कलेक्टर
- आचार्य संहिता के बाद तालाब की सफाई घाट निर्माण व सीमांकन करने के सीएमओ को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेरा



जिले के कर्तव्यनिष्ठ कलेक्टर सुधीर कोचर निरंतर दौरे कर रहे है। इस दौरे में आम जनमानस द्वारा की जा रही शिकायतों पर भी कलेक्टर महोदय गंभीरता व सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनके निराकरण करने का प्रयास कर रहे है। पटेरा नगर में करीब डेढ माह से जल मिशन द्वारा संचालित पेयजल योजना में गंदा व बदबूदार पानी प्रदाय किये जाने से नगरवासी परेशान है। इसकी शिकायत कई बार करने के बाद भी जब जल गंदा व बदबूदार बंद नहीं हुआ तो रविवार को कलेक्टर महोदय के पटेरा दौरे की जानकारी मिलते ही नगर के युवाओं ने बस स्टेण्ड पर एकत्रित होकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। जिस कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारी व सीएमओ को तीन दिवस में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। उन्होने तहसीलदार एस बी शर्मा से लगातार एक सप्ताह तक मानीटरिंग करने के निर्देश भी दिये। इसी बीच युवाओं ने बस स्टेण्ड के पीछे की ओर बने तालाब की दुर्दशा का वर्णन किया तो साहब ने स्वयं तालाब का निरीक्षण किया व जिम्मेदारों को फटकार भी लगाई। उन्होने सीएमओ से कहा कि आचार्य संहिता के बाद यहां सीमांकन करायें व सफाई एवं घाटों का निर्माण कार्य प्राथमिकता से करायें। इसके बाद कलेक्टर महोदय सीएम राईज स्कूल पहुंचे जहां उन्होने विद्यार्थियों से चर्चा की।

### नंदरई में कथा शुरू

पथरिया। श्री देव जानकी रमण मंदिर परिसर नदरई मे शुक्रवार से आयोजित दस दिवसीय श्रीराम कथा स्थापना पूर्व कलश यात्रा में सैकडो श्रद्धालु सम्मिलित होकर भगवान श्री राम के प्रति आस्था व्यक्त की आध्यात्मिक कथा बचिका बालिका पूजा दिव्या देवी आचार्य पीठ सेवाकुंज वृंदावन धाम निवास दमोह के मुखारविंद से दोपहर 3:00 बजे से हरि इच्छा तक श्रवण कर आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति की जा सकती है।

# कटाव नदी के किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला अधेड़ का शव



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर निवासी दीपू जैन का संदिग्ध अवस्था में कटाव नदी किनारे के पेड़ के नीचे मिलने सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के द्वारा शव पेड़ के नीचे पड़े होने की सूचना मझौली थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस मैं परिजनों को इसकी सूचना दी जिसके तत्पश्चात परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही उपरांत मर्ग कायम करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए मझौली स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। मर्ग विवेचना में लिया है। बताया जाता है सिग्रामपुर निवासी दीपू जैन का इस इलाके में आना-जाना बना रहता था। वह एक दिन पहले घर से निकला जिसका शव आज संदिग्ध अवस्था में मिला है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी और मृतक की मौत के कारणों का पता लगा रही है। मृतक अपने पीछे मां, पत्नी और छः बच्चों को छोड़कर चला गया है।

# रात्रि में करंट लगने से युवक की मौत

**हटा।** अनुविभाग के मडियादो थाना अंतर्गत डोली ग्राम में शनिवार की दरमियानी की रात्रि एक 22 वर्षीय युवक को करंट लगने से तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हटा के रामगोपाल जी वार्ड निवासी रज्जन प्रजापति का 22 वर्षीय पुत्र पंकज उर्फ पप्पू जो पड़ोस में रहने वाले राजा जैन के साथ डोली ग्राम में राजधर पटेल के यहां आयोजित भागवत कथा के भंडारे में खाना बनाने के कार्य हेतु गया था जहां शनिवार की रात्रि 2 बजे छोटी चक्की से मसाला पीस रहा था इस दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गया जहां उपस्थित लोगों द्वारा उसे तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत से मृत्यु घोषित कर दिया जिसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

**हटा।** थाना क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम प्रेमपुरा में शनिवार की शाम मायके से ससुराल पहुंची एक दिव्यांग नव विवाहिता की अचानक मौत हो जाने का मामला सामने आया है घटना की सूचना पर हटा पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार प्रेमपुरा गांव में विगत 18 अप्रैल को दिव्यांग दीपक अहिरवार की शादी टीकमगढ़ जिले के आलमपुर में दिव्यांग 28 वर्षीय कीर्ति अहिरवार से संपन्न हुई थी उसके बाद वह अपने मायके चली गई थी जहां पुनः ससुराल के लोगों द्वारा अपने रिश्तेदारों के साथ शनिवार को नव विवाहित कीर्ति को लाया गया था लेकिन जैसे ही वह प्रेमपुरा मैं अपने ससुराल पहुंची जहां गृह प्रवेश के पूर्व मृतका की सास व महिला परिजनों द्वारा हाथ पैर धुलाएं जा रहे थे उसी दौरान अचानक वह बेहोश होकर गिर गई जिससे तुरंत ही परिजन द्वारा ऑटो रिक्शा से सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर द्वारा बताया गया कि मृतक महिला की माइनर अटैक से मौत हुई है। हटा पुलिस को सूचना मिलने पर रविवार की सुबह सिविल अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर घटना की मजिस्ट्रेट की जांच हेतु तहसीलदार प्रवीण तिवारी द्वारा जांच की गई इसके उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया।

# सीएम राइज विद्यालय में छात्रों से की चर्चा



दमोह।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पटेरा सी एम राइज पटेरा स्कूल का निरिक्षण किया। सी एम राइज स्कूल के छात्रों से चर्चा की। इस दौरान 10 वी के छात्र दिवयांशु सेन ने कलेक्टर से उनकी छात्र जीवन से लेकर कलेक्टर बनने तक की सफलता का राज पूछा। इसी प्रकार 10 वी के छात्र प्रिंस प्रजापति ने उनकी स्केच फोटो बनाकर कलेक्टर श्री कोचर को भेंट की। 11 की छात्रा संस्कृति नामदेव ने हाथों से बनाया हुआ गुलदस्ता भेंट किया। इसके उपरांत कलेक्टर श्री कोचर सी एम राइज के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करने पहुंचे और कार्य प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर तहसीलदार एस बी शर्मा, पटेरा सी एम राइज के प्राचार्य विवेक नेमा, कमलेश शर्मा, बी आर सी दिलीप उपाध्याय, सीएम ओ पटेरा श्याम सुन्दर सोनी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### भगवान अभिनंदननाथ जी का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक आज

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान श्री अभिनंदन नाथ जी का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव 13 मई को पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के चतुर्विध संघ के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान , पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांति धारा ,पूजन ,विधान होगा ।अत्यंत भक्ति भाव के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की पूजन होगी ।मुनिश्री के मंगल प्रवचन होंगे । मुनि संघ एवं आर्यिका संघ की आहार चर्या होगी । सांयकाल आचार्य भक्ति, भक्तांमर दीप अर्चना ,पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी।

### 13 वर्षीय किशोर ने लगाई फांसी

**दमोह।** गर्मी बढ़ने के साथ मानसिक तनाव बढ़ाने और जीवन लीला समाप्त करने जैसे घटनाक्रमों में लगातार इजाफा हो रहा है ताजा मामला एक 13 साल के किशोर का फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर लेने का सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल वार्ड -4 निवासी सत्येंद्र दुबे के 13 वर्षीय पुत्र सारांश को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने चेकअप और ईसीजी के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है फांसी लगा लेने की बजह से किशोर की सांसे थमी है। शव को शव ग्रह में रखवा दिया गया है पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। फिलहाल किशोर ने यह कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं लग सका है। लेकिन इस दुखद घटनाक्रम से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**दमोह।** करंट लगने से एक 20 वर्षीय युवक को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओम सांई होटल प्लाजा टोल कटनी मार्ग के पास करंट लगने से करण पिता भरत पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी धर्मपुरा को जिला अस्पताल लाया गया था जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था, जहां आज दोपहर हिंडोरिया थाना प्रभारी अमित गौतम, चौकी प्रभारी गणेश दुबे, प्रधान आरक्षक मयूर, आरक्षक कपिल सहित पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की।